प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 44/2023)

तत्काल प्रकाशन के लिए

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

"लो पावर स्मॉल रेंज एफएम रेडियो प्रसारण से संबंधित मुद्दों " पर भादूविप्रा परामर्श पत्र पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।

नई दिल्ली, 19 मई 2023 : भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 17 अप्रैल 2023 को "लो पावर स्मॉल रेंज एफएम रेडियो प्रसारण से संबंधित मुद्दों " पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 मई 2023 और प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 29 मई 2023 निर्धारित की गई थी।

2. उपर्युक्त परामर्श पत्र पर टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय के विस्तार के लिए हितधारक से प्राप्त अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि क्रमशः 22 मई 2023 और 5 जून 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियाँ, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, ईमेल आईडी advbcs-2@trai.gov.in और jtadvbcs-1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी एंड सीएस) से दूरभाष क्रमांक. +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

(**वी. रघुनंदन**)
सचिव , भादूविप्रा